तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

12 अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार


12 आईआईटी रुड़की ने किया पानी निकासी के लिए बेहतर प्लान तैयार...


## कुवि में भारत का पहला एआई एनेबल प्लेसमेंट प्लेटफॉर्म और जॉब फेयर 2026 लॉन्च

# उच्च शिक्षा संस्थानों में रोजगारोन्मुखी नवाचार का नया मॉडल बनेगा केयू का एआई जॉब फेयर : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने गूगल जेमिनी और प्लेसकॉम के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एआई एनेबल्ड प्लेसमेंट प्लेटफॉर्म एवं जॉब फेयर-2026 का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्लेसकॉम के संस्थापक एवं सीईओ विशाल सूद, गूगल के प्रतिनिधि अमरीश कोहली और वैभव श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित देश का पहला एआई आधारित जॉब फेयर रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल है। यह आयोजन युवाओं और उद्योग जगत के बीच प्रभावी सेतु का कार्य करेगा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ ने कहा कि इस जॉब फेयर में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित यह मंच नौकरी तलाशने वाले युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराएगा, वहीं उद्योगों को योग्य और प्रशिक्षित मानव संसाधन प्राप्त करने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि आज समाज तीन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, उद्योगों को उपयुक्त कर्मचारी नहीं मिल रहे और कई बार नियुक्त कर्मचारी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाते। एआई आधारित जॉब फेयर इन समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



### विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधी किए सम्मानित

यूआईईटी संस्थन के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की तथा कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उन्हें सीनेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। इनमें टेलीपरफॉर्मेंस से वत्सल श्रीवास्तव, रिव्वलोसिटी से नव किरण कौर, मोर रिटेल प्राइवेट लिमिटेड से आदित्य नेगी, टोटासोल प्राइवेट लिमिटेड से आशीष तनेजा, डेविन सॉल्यूशंस से प्रियंका शर्मा, करियर वेदा से निमिषा, इंडिकोर इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड (टर्मिनल एडटेक) से पूजा कटोच, क्रिएटिवन टेक्नोलॉजीज से दिनेश ठाकुर, लेनस्टार्ट सॉल्यूशन से मोहित, पैराडाइम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से अनिया कौल, पॉजिट्रॉन एचआर सर्विसेज से नितिन शर्मा, क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया प्राइवेट लिमिटेड से गौरव तिवारी तथा मिडास कंसल्टिंग से हितेन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक की टीम से पुलिन सिंह, हरियाणा सरकार के सलाहकार अंशुल गुप्ता, सुश्री इशिता मेहता तथा अर्जुन गर्गेयस शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति काबू, भेजा जेल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना इस्माईलाबाद की टीम ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति गुलाब सिंह वासी लोटनी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 जुलाई 26 पुलिस को सूचना मिली कि गांव लौटनी मे एक महिला मकान मे मृत पडी है। सूचना पर थाना इस्माईलाबाद प्रभारी निरीक्षक रामपाल, उप निरीक्षक राजपाल व मुख्य सिपाही सजीव कुमार की टीम मौका घटनास्थल लौटनी पर पहुंची। मौका पर सीन आफ क्राईम टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरिक्षण किया गया।

### हजारों की अफीम के साथ नशातस्कर काबू

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव सलेमपुर कोही से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 254.24 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी से बरामद अफीम की कीमत बाजार में 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएसआई नवीन कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त रहा था।

### कनाडा भेजना के नाम से हड़पे 35 लाख रुपये

**यमुनानगर।** कनाडा भेजने के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। साढौरा थाना पुलिस ने जालंधर निवासी बलजोत सिंह उर्फ गैरी के खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने खुद को इमिग्रेशन का काम करने वाला बताते हुए दो युवकों को कनाडा भेजने के लिए 35 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। इसके बाद उसने दोनों युवकों के पासपोर्ट, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर जल्द वीजा लगवाने का भरोसा दिया।

## दिन भर रुक-रुक कर होती रही बारिश, कई जगह हुआ जलभराव

### प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार

# करनाल में मकान की छत गिरी पंचकूला नदी में फंसे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/पंचकूला/यमुनानगर


हरियाणा में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। पंचकूला में उफनती बरसाती नदी के कारण स्कूली बच्चे फंस गए, करनाल में एक दिव्यांग परिवार के मकान की छत गिर गई, जबकि यमुनानगर में जलभराव से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि हथनीकुंड बैराज पर यमुना का जलस्तर फिलहाल सामान्य बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश के बीच करनाल जिले के मुनक क्षेत्र में एक दिव्यांग परिवार पर संकट टूट पड़ा। जर्जर मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय मकान मालिक सुखबीर और उनकी पत्नी बारिश से बचाव के लिए छत पर तिरपाल डाल रहे थे। गनीमत रही कि दोनों समय रहते नीचे उतर आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि मकान की छत काफी समय से कमजोर हो चुकी थी और बरसात के दौरान लगातार पानी टपक रहा था। जैसे ही दोनों छत पर पहुंचे, अचानक उसकी कई कड़ियां टूट गईं और पूरी छत ढह गई। घटना के समय बच्चे स्कूल गए हुए थे, इसलिए वे भी सुरक्षित बच गए। सुखबीर और उनकी पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिवार की मदद की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह घटना रात के समय होती तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। सुखबीर ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करता है। सीमित आय के कारण मकान की मरम्मत कराना संभव नहीं हो सका। अब छत गिरने से परिवार के सामने रहने और बच्चों की सुरक्षा का संकट खड़ा हो गया है।


**करनाल।** मकान की छत दिखाते दिव्यांग दंपती।

### गुमथला गांव में उफनती बरसाती नदी के कारण फंसे स्कूल के बच्चे



**पंचकूला।** हिमाचल के पहाड़ों और पंचकूला में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते नदियां और बरसाती नाले तूफान पर हैं। इसी बीच गांव गुमथला से एक चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां स्कूल जाने वाले बच्चे स्कूल के बाद वापस घर आते हुए उफनती बरसाती नदी के कारण फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को सुरक्षित नदी के पार लाया गया। दरअसल, गांव गुमथला तक पहुंचने के लिए कोई पक्का रास्ता या पुल नहीं है। ग्रामीणों को गांव से बाहर आने-जाने के लिए और बच्चों की स्कूल आने जाने के लिए बरसाती नदी को पार करना पड़ता है। बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे लोगों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। बच्चे रोजाना इसी नदी को पार कर स्कूल जाने और वापस घर लौटने को मजबूर हैं। बारिश के दौरान तेज बहाव के बीच नदी पार करना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से गांव के लिए पुल या पक्के रास्ते की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि हर बरसात में गांव का संपर्क कट जाता है और स्कूली बच्चों समेत सभी ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ जाती है।



### बारिश के बीच यमुना जलस्तर सामान्य

**यमुनानगर।** जिले में वीरवार को चौथे दिन भी बारिश हुई। जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया और सड़कों व कई नीचले इलाकों में पानी जमा होने से लोग परेशान रहे। आलम यह रहा कि सड़कों पर कीचड़ व पानी भरा होने से राह चलते लोग बारिश में कम और सड़कों पर ज्यादा भीगे। वहीं, पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बारिश होने के बावजूद शाम तक हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा था। वीरवार को चौथे दिन भी सुबह से बारिश शुरु हो गई थी। इस दौरान जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। जिससे जिला तरबतर बना रहा। बारिश की वजह से जिले में लोग भीगते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचे। बारिश होने से ट्विन सिटी,रादौर व जठलाना क्षेत्र समेत अन्य कस्बों में बारिश होने से सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने व कीचड़ होने से लोग परेशान रहे।


**कुरुक्षेत्र।** नहर से बाइक को बाहर निकालते गोताखोर।

## कार व बाइक की टक्कर के बाद दोनों वाहन नहर में गिरे

### मिजार्पुर नहर पर बड़ा हादसा: दोनों चालक सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर मिजार्पुर के समीप भाखड़ा नहर पुल पर वीरवार दोपहर करीब 1 बजे बड़ा हादसा हो गया। एक कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहन नहर में जा गिरे। राहत की बात यह रही कि कार चालक बारना निवासी रोहित और मोटरसाइकिल चालक बारना निवासी मनीष दोनों की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कार गांव बारना से कुरुक्षेत्र की ओर जा रही थी। मिर्जापुर पुल पर सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और आगे चल रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और बाइक दोनों भाखड़ा नहर में गिर गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। बताया जाता है कि मोटरसाइकिल चालक को तैरना आता था, इसलिए वह खुद तैरकर नहर से बाहर निकल आया। वहीं कार का दरवाजा खुल जाने से चालक भी बाहर निकलने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दी।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र की अदालत ने हत्या करने के आरोपी विक्टर जोन मैनटैरियो उर्फ सोनु वासी सांईचरण नई मुम्बई महाराष्ट्र को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 4 अप्रैल 2023 को थाना शाहबाद में अमरजीत वासी रतनगढ थाना शाहबाद कुरुक्षेत्र ने दिए अपने ब्यान में बताया कि वह खेती बाडी का काम करता है। 4 अप्रैल 2023 को सुबह करीब 9.30 बजे जब वह अपने खेत के रास्ते मे एक निर्माणधीन भवन के पास पंहुचा तो उसे अचानक एक नौजवान लडका पडा हुआ दिखाई दिया। जिसकी बाईं बाजु पर टैटु गुदा हुआ था। मृतक नामालूम लडके के गले मे रस्सीनुमा लाल रंग का कपड़ा खींचकर बंधा हुआ था।

## ब्राह्मण माजरा कट के पास भीषण हादसा अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नेशनल हाईवे-344 पर गांव ब्राह्मण माजरा कट के पास तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसके शरीर के अंग सड़क पर अलग-अलग पड़े मिले। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद काफी देर तक वाहनों की आवाजाही जारी रही। कई वाहन शव के ऊपर से गुजरते रहे,जिससे पूरे शरीर के साथ चेहरा भी पूर्ण रूप से कुचला गया । इससे शव की पहचान करना भी मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव की हालत अत्यंत खराब होने के कारण मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पहचान के लिए एमएम अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। जांच अधिकारी धर्मराज सिंह ने बताया कि शव के अंग सड़क पर बिखरे मिले है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई । शव को एमएम अस्पताल मुलाना की मोर्चरी में रखवा दिया है। यदि किसी व्यक्ति का कोई परिजन लापता है या मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें, ताकि शव की पहचान कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## शराब की खेप के साथ तस्कर पकड़ा

- कार व 444 अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद, केस दर्ज, आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने बुधवार देर शाम को हुडा सेक्टर 18 सड़क पर नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरी बलेनो कार पकड़ी। पुलिस ने कार चालक अभिषेक तेवतिया पुत्र ओमबीर सिंह निवासी गांव नया बांस जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया और उसकी कार से 444 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। अभिषेक, चंडीगढ़ से अवैध शराब लेकर पानीपत में सप्लाई करने आया था। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि बरामद अवैध शराब सहित कार को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी अभिषेक के खिलाफ थाना हुडा सेक्टर 13/17 में एक्साइज एक्ट व मोट व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। वहीं अभिषेक को कोर्ट में पेशकर चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी के अवैध शराब तस्करी में संलिप्त इसके साथी आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी में बच्चों से मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

- बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा ने औचक निरीक्षण कर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


**करनाल।** प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण करतीं बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने वीरवार को करनाल स्थित प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण कर दो बच्चों के साथ कथित मारपीट के मामले की मौके पर जांच की। शिकायतकर्ता से दूरभाष पर बातचीत में सामने आया कि अप्रैल माह में शिकायत दिए जाने के बावजूद मधुबन थाना पुलिस ने अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की। निरीक्षण के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी किशोर न्याय अधिनियम की समुचित जानकारी नहीं दे सके, जिस पर अध्यक्षा ने नाराजगी जताते हुए डीएसपी सोनू नरवाल को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को अगले दिन बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने तथा जिले के सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संरक्षण गृह के कमरों की स्थिति संतोषजनक मिली, लेकिन बाथरूम और शौचालयों में गंदगी तथा दुर्गंध मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश जारी किए गए।


**करनाल।** जिला पुलिस लाइन में जब्त मादक पदार्थों का निरीक्षण करते आईजी अशोक कुमार एवं अन्य अधिकारी।

### एनडीपीएस के 32 मामलों में जब्त 218 किलो से अधिक मादक पदार्थों का आईजी ने किया निरीक्षण

**करनाल।** पुलिस महानिरीक्षक करनाल रेंज अशोक कुमार (भा.पु.से.) ने वीरवार को जिला पुलिस लाइन में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया और पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चूरापोस्त, गांजा, चरस, स्मैक, सुल्फा, सिरप, कैप्सूल, नशीली गोलियां, अफीम मिक्सचर, इनटॉक्सिकेंट पाउडर और हेरोइन सहित विभिन्न मादक पदार्थों का मालखाना रजिस्टर के अनुसार मिलान किया गया। जून 2026 तक न्यायालय से निर्णय हो चुके 32 मामलों में जब्त 218 किलोग्राम 790 ग्राम 821 मिलीग्राम मादक पदार्थ, 488 कैप्सूल और 560 नशीली गोलियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन तथा ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में सभी मादक पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर सील कर दिया गया।

### क्रिप्टोकरंसी में निवेश करवा व्यक्ति से ठगे 8.05 लाख रुपये

**यमुनानगर।** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर 22 महीने में रकम दोगुनी करने और हर महीने 5 से 6 प्रतिशत रिटर्न का लालच देकर 8.05 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद गांधी नगर थाना पुलिस ने अंबाला निवासी अभिषेक गोयल, प्रदीप राणा और निर्मल के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार त्यागी गार्डन निवासी कंवर साहिब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उनकी पहचान निर्मल के माध्यम से अभिषेक गोयल और प्रदीप राणा से हुई।

### स्थानीय लोगों ने मरम्मत कार्य पर उठाए सवाल

# भाखड़ा-नरवाना नहर की पटरी में फिर दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाखड़ा-नरवाना ब्रांच नहर की पटरी पर एक बार फिर गहरी और चौड़ी दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दरारें सामने आने के बाद प्रशासन और सिंचाई विभाग की ओर से कराए गए मरम्मत कार्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि हाल ही में किए गए मरम्मत कार्य के बावजूद पटरी दोबारा क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे



कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस मामले में विभाग के एक्सईएन ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए विभाग ने 45 दिन का समय मांगा था, लेकिन केवल 25 दिन की अनुमति मिली। उन्होंने कहा कि इनमें से करीब 15 दिन नहर से पानी निकालने की प्रक्रिया में ही लग गए, जिससे वास्तविक मरम्मत के लिए मात्र 10 दिन का समय बचा। इसके बावजूद उपलब्ध समय में पूरी मेहनत और तकनीकी मानकों के अनुसार कार्य किया गया। एक्सईएन ने कहा कि हम अपने किए गए कार्य से संतुष्ट हैं। सीमित समय में जो संभव था, वह पूरी जिम्मेदारी के साथ किया गया।

### दरारों ने बढ़ाया हादसे का खतरा

एक्सईएन ने बताया कि कई स्थानों पर नहर में 6 फुट से ज्यादा पानी जमा रहता है। ऐसे में मशीनों और मजदूरों के साथ काम करना आसान नहीं होता। पानी निकालने और काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद विभाग ने सीमित समय में मरम्मत कराने की कोशिश की। विभाग पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अगर कहीं किसी प्रकार का नुकसान होने की आशंका बनती है तो पानी को नियंत्रित करने की व्यवस्था विभाग के पास मौजूद है। हालांकि, पटरी में दोबारा दरारें आने के बाद अब लोगों की मांग है कि नहर की विस्तृत तकनीकी जांच कराकर स्थायी और मजबूत मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान या हादसे की आशंका को टाला जा सके। बतां दे कि 3 साल पहले ठोल गांव के पास नरवाना ब्रांच नहर टूट गई थी। उस घटना में आसपास के कई गांवों में पानी भर गया था और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। अब यदि इस हिस्से में नहर का कोई बंध टूटता है तो सबसे पहले पानी पास की झील में जाएगा। झील के ओवरफ्लो होने की स्थिति में ज्योतिसर गांव तक पानी पहुंचने का खतरा पैदा हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### इनर व्हील क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**करनाल।** इनर व्हील क्लब ऑफ करनाल का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में आगामी एक वर्ष के लिए गठित नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ क्लब की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यकारिणी में पूनम मुकुल को प्रधान, मीनू सिंगला को सचिव, गौरी मित्रा को कोषाध्यक्ष तथा उषा कत्याल को आईएसओ का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर राज मुकुल, नूतन नारंग, अंजू कपूर, संतोष बक्शी, कमलेश अग्रवाल, अनीता आर्य, रजनी कौशल, इंदिरा गुगलानी, विनिश, निर्मल आदि मौजूद रहे।

### इग्नू ने री-रजिस्ट्रेशन की तिथि 15 तक बढ़ाई

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई-2026 शैक्षणिक सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है। क्षेत्रीय निदेशक प्रमुख डॉ. धरम पाल ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी समय रहते अपना री-रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकें। उन्होंने बताया कि अब ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन मोड के सभी पात्र कार्यक्रमों के विद्यार्थी 15 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से री-रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू रहेगी

**करनाल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी तथा सेकेंडरी (कम्पार्टमेंट एवं अतिरिक्त) परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकलमुक्त कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी (कम्पार्टमेंट एवं अतिरिक्त) परीक्षाएं 10 से 18 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी।

### विधायक योगेंद्र राणा ने बांटे स्वीकृति पत्र



**असंध।** प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के तहत गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक योगेंद्र राणा ने 245 पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है। विधायक योगेंद्र राणा ने क्षेत्रवासियों से 17 जुलाई को जींद में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

#### जनसुनवाई में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने दिखाया सख्त रुख

# शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई कर निर्धारित अवधि में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

- सड़क, सीवरेज, सफाई, पेयजल सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के आदेश

जनसुनवाई में सड़क, सीवरेज, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं। महापौर ने प्रत्येक मामले की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और जवाबदेही के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह है। जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।



**करनाल।** नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनती महापौर रेणु बाला गुप्ता।

#### योजनाबद्ध ढंग से हो रहे विकास कार्य

महापौर ने कहा कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए निगम लगातार कार्य कर रहा है। करनाल को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और आधुनिक शहर बनाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को बेहतर शहरी जीवन मिल सके।

## 24 तक वार्ता नहीं हुई तो 25 को घेराव करेंगे रोडवेज कर्मचारी

- विरोध प्रदर्शन कर परिवहन मंत्री के नाम सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को कर्ण पार्क में सभा करने के बाद मॉल रोड स्थित कमिश्नर कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शन के बाद परिवहन मंत्री के नाम एक अधिकारी को 22 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। प्रदर्शन में चार जिलों से विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

सभा की अध्यक्षता यूनियन नेता कृपाल सिंह लाडी, संदीप कुमार और मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से की। कर्मचारियों ने चालकों और परिचालकों के रिक्त पद भरने, रोडवेज के बेड़े में नई बसें शामिल करने, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन विभाग के अधीन करने तथा निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई।जगदीप लाठर, वीरेंद्र सिंगरोहा और संदीप रंगा ने कहा कि साझा मोर्चा पिछले दो वर्षों से लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख रहा है, लेकिन अब तक प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 जुलाई तक परिवहन मंत्री और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक नहीं करवाई गई तो 25 जुलाई को अंबाला में परिवहन मंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। विभाग में करीब दो हजार चालकों और परिचालकों की कमी है, जिससे बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। वर्कशॉप में वर्ष 1990 के बाद पर्याप्त भर्ती नहीं होने से मरम्मत कार्य भी प्रभावित है। उन्होंने सरकार से नई बसें उपलब्ध कराने और कर्मचारियों की कमी दूर करने की मांग दोहराई।




**करनाल।** मांगों को लेकर कमिश्नर कार्यालय तक प्रदर्शन करते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक खोखर, निशांत सिंह, मायाराम उनियाल, नीरज शर्मा, जयबीर घणगस, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## भैंस चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार, छह भैंस बरामद

- पुलिस ने सुलझाईं करनाल जिले की छह वारदातें

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जिले में लगातार हो रही पशु चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम ने भैंस चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर छह चोरीशुदा भैंस बरामद की हैं। कार्रवाई मुख्य सिपाही जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जिले में हुई छह भैंस चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नासिर पुत्र मुस्तकिम और शाकिब पुत्र मुस्तकिम निवासी गांव नागल राजपूत, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि थाना कुंजपुरा में एक महिला की शिकायत पर 27 जून की रात घर के बाड़े से भैंस चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान सीआईए-3 टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद 4 जुलाई को आरोपी नासिर को गांव नेवल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और न्यायालय से चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जिले में छह भैंस चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की। इनमें थाना इंद्री क्षेत्र की दो, थाना मधुबन की एक, थाना कुंजपुरा की दो तथा थाना सदर की एक वारदात शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छह भैंस बरामद कर लीं। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी नासिर को रिमांड पूरा होने के बाद न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरे आरोपी शाकिब को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों और अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## एसडीएम ने किया जोहड़ माजरा पेस्टिसाइड फैक्ट्री का मुआयना

- ग्रामीणों ने रोष जताते हुए फैक्ट्री बंद कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के गांव जोहड़ माजरा स्थित एक पेस्टिसाइड फैक्ट्री से केमिकल युक्त जहरीला पानी छोड़े जाने की शिकायत पर गुरुवार को इंद्री के एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ फैक्ट्री का मुआयना किया। इस दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्री में लगे प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की जांच की तथा जांच के लिए पानी के सैंपल लिए ।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसानों ने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और फैक्ट्री को बंद करने की मांग की। ग्रामीण जितेंद्र सिंह, संदीप कुमार, सतपाल, लखविंदर, नानक सिंह, राजकुमार, दीपक पाल, राजेंद्र, अमन कुमार और मनीष सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री द्वारा केमिकल युक्त दूषित पानी जमीन में छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास का भूजल दूषित हो गया है। इस दूषित पानी को पीने के कारण गांव में बीमारियां फैल चुकी है। काफी लोग बीमारियों से पीड़ित हो रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि फैक्ट्री के साथ लगती भूमि बंजर हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि या तो फैक्ट्री को तुरंत बंद कराया जाए या दूषित पानी के सुरक्षित निस्तारण की स्थायी व्यवस्था की जाए।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग ग्रामीणों ने एसपी से लगाई गुहार

- दो आरोपियों की गिरफ्तारी से संतुष्ट नहीं परिजन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

निसिंग थाना क्षेत्र के गांव कुचपुरा में युवक जसविंद्र की हत्या के मामले में गुरुवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में लोग जिला सचिवालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में शामिल सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करेंगे। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने अब तक केवल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल अन्य लोग खुलेआम घूम रहे हैं। मृतक की बहन मंजू ने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई अधूरी है और परिवार को अभी तक पूरा न्याय नहीं मिला है।



**करनाल।** जिला सचिवालय में एसपी से मिलकर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते मृतक के परिजन और ग्रामीण।

#### 23 डीपीसी, दो निर्माणाधीन भवन और एक दुकान पर की तोड़फोड़

# करनाल में पांच अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

- आमजन से प्लॉट खरीदने से पहले जांच की अपील

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने गुरुवार को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करनाल में पांच स्थानों पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। अभियान के दौरान 23 डीपीसी, दो निर्माणाधीन भवन, एक निर्माणाधीन दुकान, सड़कों और अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा थाना सिटी और सदर पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही।

जिला नगर योजनाकार कार्यालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई करीब ढाई एकड़ में विकसित अवैध कॉलोनी में अंबेडकर भवन के पास की गई, जहां एक निर्माणाधीन शेड को हटाया गया। दूसरी कार्रवाई करीब छह एकड़ में विकसित बजीदा रोड स्थित अवैध कॉलोनी में की गई। यहां छह डीपीसी, बिजली के खंभों तथा बनाई गई सड़कों को तोड़ा गया।



**करनाल।** करनाल में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाती जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम।

#### किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाएगी

जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि बिना वैध अनुमति वाली कॉलोनियों में किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉट खरीदने से पहले पूरी जांच अवश्य करें। अवैध निर्माण के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाएगी।

#### चार डीपीसी ध्वस्त

तीसरी कार्रवाई मंगल कॉलोनी के पास करीब साढ़े चार एकड़ में विकसित अवैध कॉलोनी में की गई, जहां चार डीपीसी को ध्वस्त किया गया। चौथी कार्रवाई मंगलपुर कॉलोनी पार्ट-दो के पीछे करीब तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित अवैध कॉलोनी में हुई। यहां एक निर्माणाधीन दुकान और चार डीपीसी के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

पांचवीं कार्रवाई हकीकत नगर के सामने गोगड़ीपुर रोड पर करीब आठ एकड़ में विकसित अवैध कॉलोनी में की गई। यहां आठ डीपीसी और एक निर्माणाधीन भवन को ध्वस्त किया गया।

### विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत चार पर केस

**करनाल।** जिले में दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। विवाह के कुछ माह बाद ही विवाहिता से कार और पांच लाख रुपये की मांग किए जाने तथा मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगा है। महिला सेल की जांच रिपोर्ट के आधार पर तरावड़ी थाना पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 5 मार्च 2025 को गांव गौरगढ़ निवासी विजय कुमार के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए थे और बाइक सहित अन्य घरेलू सामान भी दहेज में दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था। शादी के कुछ समय बाद ही उससे कार और पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी।

## न्यूज डायरी

### सूफिया सूफी का करनाल में स्वागत

**करनाल।** भारत की प्रसिद्ध अल्ट्रा डिस्टेंस धाविका और पांच बार की विश्व रिकॉर्ड धारक सूफिया सूफी गुरुवार को अपने छठे विश्व रिकॉर्ड अभियान 'रन अक्रॉस इंडिया : कन्याकुमारी टू काराकोरम' के तहत करनाल पहुंचीं। गीता द्वार पर करनाल स्ट्राइड्स के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनके अभियान की सफलता की शुभकामनाएं दीं। करनाल स्ट्राइड्स के प्रवेश गाबा, सुमित मान, कविता मान, राहुल कौशिक, सुशील कुमार सहित अन्य सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सूफिया का अभिनंदन किया। इस दौरान बताया गया कि 12 मई 2026 को कन्याकुमारी से शुरू हुआ यह अभियान करीब 5000 किलोमीटर लंबा है, जिसका समापन लद्दाख के काराकोरम क्षेत्र में होगा। अब तक 59 दिनों में सूफिया 3600 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी हैं। भीषण गर्मी, बदलते मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद उनका अभियान लगातार जारी है।

### चौकीदार सभा को मांगों पर मिला आश्वासन

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रतिनिधिमंडल की विभागीय अधिकारियों के साथ अगले 15 दिनों के भीतर चंडीगढ़ में बैठक करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया। इससे पहले पांच जुलाई को प्रदेशभर के ग्रामीण चौकीदारों ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया था। ओएसडी ने बताया कि कुछ मांगों पर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल में राज्य प्रधान मदन कलरा, महासचिव कलीराम, कोषाध्यक्ष भगत सिंह, प्रभारी विनोद, राज्य उपप्रधान बाबूराम, गफूर मोहम्मद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### बारिश की फुहारों संग झूमे नन्हे-मुन्ने

**तरावड़ी।** एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए रेनी डे का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्री-प्राइमरी एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे रेनकोट और आकर्षक छतरियों के साथ विद्यालय पहुँचकर पूरे कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम की शुरुआत वर्षा ऋतु से संबंधित मधुर गीतों एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ रेन डांस, कविता वाचन, पेपर बोट बनाना, छाता सजाओ, रंग भरने की गतिविधियां तथा वर्षा ऋतु पर आधारित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के प्रांगण को बादल, इंद्रधनुष, बूंदों एवं छतरियों की सुंदर सजावट से आकर्षक रूप दिया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पर जोर



**करनाल।** जिला नगर आयुक्त सलोनी शर्मा ने गुरुवार को नगर निगम की सफाई शाखा के अधिकारियों और जिले की नगर पालिकाओं के सचिवों के साथ स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा पृथक्करण, शिकायत निवारण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र के संचालन की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पोर्टल की प्रतिदिन निगरानी की जाए, क्योंकि मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यालय स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### भाविप ने विद्यार्थियों को दिए स्वस्थ जीवन के मंत्र

**करनाल।** भारत विकास परिषद कर्ण शाखा ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गंजोगेड़ी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वच्छता और दंत देखभाल के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शाखा अध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी ने बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ आदतें अपनाने और जंक फूड से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. आशीष पसरीचा ने बच्चों को दांतों की सही तरीके से सफाई करने का तरीका बताया।शाखा अध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी, महिला सहभागिता संयोजक भावना कपूर, डॉ. आशीष पसरीचा, वरिष्ठ सदस्य श्याम बत्रा तथा किरण अरोड़ा सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा कराने की अपील

**करनाल।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग करनाल की ड्रामा पार्टी ने एसआईआर के स्वीप कार्यक्रम के तहत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरक में नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के माध्यम से स्कूली बच्चों तथा उनके अभिभावकों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के प्रति जागरूक किया।कलाकारों ने गणना प्रपत्र 14 जुलाई तक भरकर बीएलओ को जमा कराने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन राणा, कुमारी शालिनी, सुनीता नरवाल, ईश्वर सिंह, सुदर्शन लाल, रंजू, संगीता, प्रवीण कुमारी, सरोज कुमारी उपस्थित रहे।

### एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा सम्मानित

**करनाल।** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी (एमएचयू) के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा को बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान, उच्च शिक्षा और किसानों के हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए एग्रीकल्चर अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। 'फीडिंग द फ्यूचर' विषय पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के कृषि एवं बागवानी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बतौर विशिष्ट अतिथि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, टिकाऊ कृषि और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार रखे।

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**तरावड़ी।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत अमीर चंद मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में हलका विधायक भगवानदास कबीरपंथी ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चर्तुथ दिन की कथा मे कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु समय-समय पर धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अवतार लेते हैं।

### मां बाला सुंदरी दरबार में की पूजा

**तरावड़ी।** समाजसेवी आशु कक्कड़ ने अपने जन्मदिन के अवसर पर त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी महामाई के दरबार में परिवार सहित पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया, जिसमें शहर के गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर हलका विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी त्रिलोकपुर पहुंचे और उन्होंने आशु कक्कड़ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन सुखमय हो और वे दिन-प्रतिदिन चौगुनी तरक्की करें।

### सीएमओ कार्यालय के बाहर गरजे एंबुलेंस कर्मचारी




**करनाल।** नागरिक अस्पताल में कार्यरत 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के बाहर हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि ड्यूटी बदलने के आदेश वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत ईएमटी और पायलट (ड्राइवर) कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना 50 से 80 किलोमीटर दूर के स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जा रहा है। इससे उन्हें रोजाना लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। प्रदर्शन में सोनू कैमला, सुरेश नरवाल, जयवीर संधू, यशविंद्र, जसवंत खटकड़, कर्ण सिंह, देवेंद्र शर्मा समेत अन्य कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 5 से 20 वर्षों से एंबुलेंस सेवा में कार्यरत हैं। अब उनका रोस्टर बदलकर 50 से 80 किलोमीटर दूर तक के क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई जा रही है। कई कर्मचारियों को असंध से खुंखनी तथा अन्य को दूसरे जिलों में तैनात कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि एंबुलेंस सेवा आपातकालीन सेवा है, ऐसे में लंबी दूरी तय कर ड्यूटी पर पहुंचने से समय पर सेवा देने में कठिनाई आ रही है और कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि ड्यूटी बदलने के आदेश तुरंत वापस लिए जाएं।

## डीसी ने कृषि अवसंरचना निधि व विभिन्न योजनाओं की डीडीएम के साथ समीक्षा की

# करोड़ों रुपये से होगा ग्रामीण क्षेत्र का विकास

**अधिकारियों को दिए कि विकास कार्यों में ढिलाई न बरतने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ, नाबार्ड व एआईएफ के अधिकारियों के साथ योजनाओं समीक्षा बैठक करते हुए।

पानीपत जिला में ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर गुरुवार को जिला सचिवालय सभागार में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ग्रामीण आधारभूत ढांचा विकास निधि (आरआईडीएफ) तथा कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं का सीधा लाभ किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिलता है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं की गति तेज करें। स्मरणीय है कि पानीपत जिला में आरआईडीएफ के अंतर्गत 21 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनकी कुल वित्तीय लागत 473 करोड़ 16 लाख 58 हजार रुपये है। इन परियोजनाओं के लिए 436 करोड़ 54 लाख 3 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। बैठक में कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि 8 जुलाई 2026 तक जिले में 293 परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, जिनकी कुल लागत 129 करोड़ 48 लाख रुपये है। इनमें से 281 परियोजनाओं के लिए 121 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं 17 परियोजनाएं, जिनकी लागत 9 करोड़ 91 लाख रुपये है, अभी स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं, जबकि 12 परियोजनाओं में 8 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि का वितरण लंबित है। जबकि योजना के तहत 89 मामलों में भू-अंकन (जियो टैगिंग) का कार्य भी शेष है। बैठक में पशुपालन विभाग की उपनिदेशक संजय आंतिल, डीडीएम रितु वर्मा समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एसआईआर के काम में तेजी लाने के निर्देश

**पानीपत।** एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि 24 पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ और अन्य अधिकारी कार्य में और तेजी लाएं। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने खास तौर पर पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने संबंधित प्रपत्र (फॉर्म) शीघ्र अपने बीएलओ के पास जमा करें। अभियान के समापन में अब केवल पांच दिन का समय शेष है, इसलिए किसी भी प्रकार की देरी न करें।

### किसानों को समय पर मिलेगी यूरिया: डीसी

**पानीपत।** पानीपत जिला में किसानों को समयबद्ध ढंग से यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। हरियाणा सरकार द्वारा यूरिया खाद वितरण के संबंध में जारी निर्देशों एवं उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ के आदेशों की अनुपालना में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के सभी खाद विक्रेताओं तथा प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिले में उपलब्ध यूरिया खाद का 60 प्रतिशत वितरण कृषि सहकारी समितियों तथा 40 प्रतिशत वितरण निजी खाद विक्रेताओं के माध्यम से किया

## व्यवसायिक औद्योगिक इकाइयों के लिए बने नए सुरक्षा नियम

- औद्योगिक इकाइयों में लगातार हो रही है दुर्घटनाओं को लेकर श्रम विभाग को सुरक्षा व्यवस्था की जांच का जिम्मा सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने पानीपत जिला के सभी कारखानों, भंडारण इकाइयों, गोदामों, और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए विस्तृत सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी करते हुए उनके तत्काल प्रभाव से पालन के आदेश दिए हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी कारखाने, गोदाम, भंडारण इकाई या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में कर्मचारियों या ठेका श्रमिकों के 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्यस्थल या उसके आसपास रहने की अनुमति नहीं होगी। महिला कर्मचारियों को नियुक्ति के समय लिखित रूप से इसकी जानकारी देना अनिवार्य होगा। ठेकेदारों और श्रमिक आपूर्तिकर्ताओं को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी श्रमिक अपने बच्चों को कार्यस्थल पर लेकर न आए। वहीं, जिन प्रतिष्ठानों में 30 या उससे अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां श्रम कानूनों के अनुरूप शिशु देखभाल केंद्र की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने गोदामों और भंडारण इकाइयों में सामान रखने के लिए भी सख्त मानक तय किए हैं। कपड़ा, वस्त्र और अन्य भारी सामग्री को सुरक्षित, संतुलित और निर्धारित ऊंचाई तक ही रखा जाएगा। अस्थिर, झुके हुए या अधिक ऊंचाई तक लगाए गए ढेरों को तुरंत हटाकर दोबारा सुरक्षित तरीके से लगाया जाएगा। सामान की ढुलाई और ढेर लगाने का कार्य केवल प्रशिक्षित या अनुभवी व्यक्ति की निगरानी में होगा तथा आवागमन के रास्ते हर समय खुले रखे जाएंगे। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी कारखानों, गोदामों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास वैध लाइसेंस या पंजीकरण होना जरूरी है। बिना वैध पंजीकरण या लाइसेंस के संचालन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।


पानीपत। राजकीय स्कूल गांव बड़ौली के मेधावी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

## विद्यार्थी ही होते हैं राष्ट्र की असली पूंजी : प्रदीप मलिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के ग्यारहवीं कक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं, हिंदी प्राध्यापक रविंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहते हुए जिसने मेहनत की वह जीवन में सफलता प्राप्त करता है। ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने बताया कि किसी भी देश की असली पूंजी उस देश के विद्यार्थी होते हैं। इधर, गणित प्राध्यापिका दीपिका धवन ने बताया कि मेधावी विद्यार्थी लक्ष्मी, राधिका, सपना, निशांत, ख़ुशी, पायल, सपना, प्रीति, कशिश को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

### सड़क पर मिले 50 हजार सेल्समैन को लौटाए

**पानीपत।** पानीपत की शिव मार्केट स्थित नीरज चोपड़ा फर्नीचर हाउस के सेल्समैन नितिन सैनी ने शोरूम के संचालक के बैंक खाते से पांच लाख रूपये की निकासी की और 500-500 के नोटों की दस गड्डियों को जेब में रख कर शोरूम के लिए चल पड़ा। वहीं लाल भवन गली में उसकी जेब से एक गड्डी सड़क पर गिर गई। जबकि लाल भवन गली से गुजर रहे एक डिलीवरी ब्वाय ने सड़क पर गिरी नोटों की गड्डी देखी और उसे उठा कर सामने गारमेंट शॉप चलाने वाले तरुण को दे दी। वहीं, गड्डी में पचास हजार रूपये थे। वहीं, सोशल मीडिया की मदद से रूपयों के मालिक की तलाश शुरू की गई, इधर, नितिन को तरूण के पास रूपये होने की जानकारी मिली तो वह उनके पास पहुंचा और अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। तरूण ने ये रूपये नितिन को दे दिए।

## प्रदेश में क्राइम व भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ने से जनता परेशान : डॉ. गुप्ता

- आप की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष बने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता व सुरेंद्र अहलावत प्रेस वार्ता करते हुए।

आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की उपस्थिति में हुडा सेक्टर-25 स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता एडवोकेट सुरेंद्र अहलावत को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परिषद का सदस्य चुना गया। वहीं, मीडिया से बातचीत में आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने आरोप लगाया कि हरियाणा में अपराध व भ्रष्टाचार का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। हरियाणा घोटालों के लिए देश भर में प्रसिद्ध हो चुका है। इधर, सुरेंद्र ने आप की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चुने जाने पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता आदि का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर आप नेता नरेंद्र शर्मा, सुखवीर मालिक, अजय सिंगला, जसबीर जस्सा कादयान, नरेंद्र जेसिया, योगेश कौशिक, मनीष रोड, जितेंद्र जुनेजा, राजपाल कश्यप, डॉ सुरेंद्र मांडी, प्रीतपाल खेड़ा, नीलम प्रणामी, शमशेर भल्ला, वीरेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### 14 से पहले एसआईआर के कार्य करें पूरा : गुरविंद्र

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक गुरविंद्र सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को 14 जुलाई तक पूरा किया जाना है। इस कार्य को सभी सुपरवाइजर समयबद्ध तरीके से पूरा करवाने के लिए अपने-अपने बूथों के बीएलओ के साथ संपर्क में रहें। पिहोवा विधानसभा में एन्यूमरेशन फार्म बांटने का कार्य लगभग पूरा चुका है। अब एन्यूमरेशन फार्म को भरकर जमा करवाया जा रहा है। एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि 21 जुलाई 2026 को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं होता है तो वह 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक चलने वाली दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर अपने बीएलओ, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करें।


पानीपत। फोटो—09 पीएनपी 1पी— पानीपत दवा प्रतिनिधि संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

## पानीपत दवा प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष बने सागर सहगल का किया स्वागत

- उपाध्यक्ष रवि प्रकाश व संदीप पांडे, सचिव शैलेंद्र कुमार, सह सचिव प्रदीप शर्मा बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत। हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ के पानीपत जिला के द्विवार्षिक चुनाव भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष व प्रदेश के लीगल सेक्रेटरी जय प्रकाश कौशिक, प्रदेशाध्यक्ष सूरज पाल मान व प्रदेश संगठन मंत्री हरीश अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुए। वहीं, सर्वसम्मित से हुए चुनाव में पानीपत दवा प्रतिनिधि संघ का अध्यक्ष सागर सहगल, उपाध्यक्ष रवि प्रकाश व संदीप पांडे, सचिव शैलेंद्र कुमार, सह सचिव प्रदीप शर्मा व हसन अली, कोषाध्यक्ष गौरव बंसल, लीगल सेक्रेटरी हरसिमरन जोत सिंह व संगठन मंत्री का दायित्व प्रफुल्ल चंद्र झा को सौंपा गया है। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्य सुरेश शर्मा, विक्रांत महाजन, धर्मेंद्र वर्मा, गौरव डावर, योगेश सिंगला, अनिल कुमार, दिनेश गौतम, परवीन रोहिल्ला, सुमित खनेजा, करण दीप सिंह, रामफल सैनी, विकास चौहान, सुरेंद्र श्योरान आदि उपस्थित रहे।

## आशु दुआ बने मॉडल टाउन मार्केट एसो. के अध्यक्ष

पानीपत। पानीपत के पॉश एरिया मॉडल टाउन के व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन का विधिवत गठन किया गया। वहीं, बैठक में मॉडल टाउन क्षेत्र के सभी क्षेत्रों के दुकानदारों ने भाग लिया। इधर, बैठक में मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें सरदार अमरीक सिंह, डॉ.सुधीर सूद, हरीश रावल को संरक्षक, सरदार कंवलजीत सिंह को प्रधान, राजीव भटला को महासचिव, कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, कानूनी सलाहकार एडवोकेट कमल दुआ, कार्यकारी अध्यक्ष आशु दुआ, सलाहकार दीपक सलूजा व गुलशन बत्रा कको चुना गया। इधर, कार्यकारी अध्यक्ष आशु दुआ ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मॉडल टाउन को एक व्यवस्थित और सुरक्षित बाजार बनाना है। सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थित पार्किंग और स्वच्छता हमारी प्राथमिकताएं हैं, जिन पर हम सरकार से सहयोग लेकर प्राथमिकता के आधार पर


पानीपत। मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी।



पानीपत। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी विद्यार्थियों को पौधे देते हुए।

### इनर व्हील क्लब ने स्कूल किया पौधरोपण

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ने द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में हरित पहल अभियान के तहत औषधीय एवं हर्बल पौधों का वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के नाम पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। मुख्य रूप से प्रधानाचार्या रेनु देशवाल, प्रधान ज्योत्सना गर्ग, इन्दु, उर्मिल, रेणु और पूजा उपस्थित रही। वहीं, क्लब की पदाधिकारियों कहा कि पर्यावरण के घना होने से प्रदूषण कम होगा और प्रकृति और अधिक मजबूत होगी। वहीं, मानसून के दौरान हर नागरिक को पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए।

### 96 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

**लाडवा।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव निवारसी में 10 बजे से 4 बजे तक 96 लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई। उपरोक्त जानकारी देते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद 83 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, साथ ही 13 लोगों के रक्त एवं युरिन परीक्षण भी मौके पर ही किए गए।

## चुलकाना पीएचसी में गर्भवतियों के स्वास्थ्य की जांच कर दी दवाइयां

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मुस्कान से मातृत्व तक हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा


पानीपत। पीएचसी गांव चुलकाना में महिलाओं के दांतों की जांच करती डा.मोनिका।

पीएचसी चुलकाना में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मुस्कान से मातृत्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। डेंटल सर्जन डा.मोनिका ने गर्भवती महिलाओं की मुफ्त डेंटल स्क्रीनिंग, काउंसलिंग और ओरल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं, डा.मोनिका ने कहा कि हर नागरिक ओरल हेल्थ के प्रति गंभीर रहे। रात को सोने से पहले हर हाल में अच्छी कंपनी का टूथपेस्ट कर अपने दांतों को सौंप करें, लापरवाही से ओरल हेल्थ खराब होती है, इसका पूरे शरीप पर दुष्प्रभाव पडता है।

## न्यूज डायरी


पानीपत। टाइल एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी

### पानीपत टाइल एसो. के अध्यक्ष बने विनोद

**पानीपत।** पानीपत टाइल एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। वहीं, कुनाल जैन को सरपरस्त, प्रधान विनोद गर्ग, उपप्रधान अजय मंगल, कोषाध्यक्ष सौरव कंसल, सचिव सन्नी सिंघला, सहसचिव नरेंद्र और संयोजक के रूप में अरमान मलिक को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन के हितों की सुरक्षा, टाइल व्यापार से जुड़े मुद्दों के समाधान तथा व्यापारियों के बीच आपसी सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 27 लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानि एसबीआई सेवानिवृत्त अधिकारी रणधीर सिंह निवासी हुडा सेक्टर छह को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर उनसे और उनकी पत्नी वीना कुमारी के बैंक खातों से कुल 27 लाख 40 हजार रुपए ठगी ली। ठगों ने पीड़ित को उनके नाम पर फर्जी क्रेडिट कार्ड जारी होने का डर दिखाया और उसे बंद करने के नाम पर अलग-अलग बैंकों के खातों में आरटीजीएस करवा लिया। खुद के साथ ठगी का अहसास होने के बाद रणधीर ने मामले की शिकायत पानीपत साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस ने रणधीर के बयान दर्ज कर ठगी के इस बडे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तिहरे हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के डिकाडला गांव में दस जून शाम को स्कॉर्पियों से कुचलकर तीन दोस्तों नरेंद्र, अनीप, विनोद की हत्या करने के मामले में सीआईए वन पुलिस ने तीसरे आरोपी डिकाडला निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार का दावा है कि संदीप ने प्रारंभिक पूछताछ में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने छोटे भाई मनीष व गांव के ही निवासी तेजबीर उर्फ तेजा और नामजद फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पुलिस ने वीरवार को आरोपी संदीप को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। स्मरणीय है कि तिहरे हत्याकांड में थाना समालखा में डिकाडला निवासी वीरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### युवती से 22.50 ठगने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने विदेश भेजने और नौकरी लगवाने के नाम पर कृष्णपुरा निवासी दिव्या से 22.50 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी अयोध्या नगरी मंदिर वार्ड नौ हाल सेक्टर 16 करनाल निवासी राकेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से धोखाधड़ी कर हड़पी नकदी बरामद करने का प्रयास करेगी।

### पुलिस को दी घर से जेवर चोरी की शिकायत

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के उत्तम नगर निवासी शुभम के घर से चोरों ने सोने और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। वहीं, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में शुभम ने बताया कि चोरी के आरोपी ने ना तो उनके घर का ताला नहीं तोड़ा, न ही कोई सामान बिखेरा है। आरोपी को अलमारी की चाबी का पता था, उसने लॉक खोला और आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हुडा सेक्टर जर्जर सड़कों से जनता परेशान

**पानीपत।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य निखिल चुघ ने हुडा सेक्टर 12 की जर्जर सडकों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय शहर के सबसे विकसित और व्यवस्थित क्षेत्रों में गिने जाने वाला यह सेक्टर टूटी हुई सडकों और गड्ढों की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने प्रशासन से टूटी सडकों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की।

### वन महोत्सव पर समूह चर्चा

**समालखा।** आशा दीप आदर्श हाई स्कूल, करहंस में वन महोत्सव विषय पर अंतर सदनीय समूह चर्चा प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर विचार रखे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रत्येक विद्यार्थी से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

### किसान सभा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी पानीपत की बैठक क्रांतिकारी शिव वर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ.सुरेंद्र मलिक ने और संचालन राजपाल गाहल्याण ने किया। बैठक में कंवर सिंह छोक्कर, दिलावर सिंह राठी, फौजी रोहताश आर्य, सीताराम शर्मा, रामकिशन कुंडू, गुलाब सिंह, शीशपाल शर्मा, रामरूप सैनी, एसए खान कश्मीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी स्थित खाली ग्राउंड में कॉलोनी निवासी इमरान पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी विद्यानंद कॉलोनी निवासी इंतजार को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी इंतजार को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है, पुलिस रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास करेगी। वहीं, इस मामले में थाना चांदनी बाग में इमरान की शिकायत पर केस दर्ज है।

### डीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ हरिश वशिष्ठ ने की। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित 12 शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और जन शिकायतों से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई कर रही है।

### नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बुधवार को सिवाह बस अड्डा के सामने फ्लाई ओवर के नीचे 60 ग्राम हेरोइन के साथ दिनेश पुत्र ईश्वर सिंह निवासी गांव पोपड़ा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी पर थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं, आरोपी को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

### पुलिस ने कट्टे व कारतूस के साथ आरोपित पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने रिफाइनरी रोड पर पेप्सी पुल के पास अजीत पुत्र सुरेश निवासी गांव सिंहपुरा जिला जींद को अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ पकडा है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी अजीत के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। जबकि कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेली भेज दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री सुरेन्द्र पाल चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला निवासी मकान नम्बर 15, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र पाल चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला निवासी मकान नम्बर 15, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज को इंतकाल/विक्रय पत्र/ट्रांस्फर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी के भाई श्री धीरज कुमार चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला की मृत्यु दिनांक 20.05.2023 को हो चुकी है। प्रार्थी के भाई श्री धीरज कुमार चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला की मृत्यु उपरान्त निम्न जायज वारिस :-

1. राज करनी चावला नाता श्री धीरज कुमार चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला है।

उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया ।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्टार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### नगराधीश ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियों की समस्याओं को विभाग के अधिकारियों को मार्क करते हुए समाधान हेतू आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी रूप से समाधान सुनिश्चित करना हैं।

### पोधरोपण अभियान का किया आयोजन

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पीकेआर जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर और मेगा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सदस्य सचिव गीताजंलि गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के दौरान स्कूली छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। गोयल ने बच्चों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

### स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन-विक्रय किया

**अंबाला।** नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक -(नाबार्ड) एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एचएसआरएलएम) के सहयोग से बीडीपीओ कार्यालय में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु एक विक्रय स्टॉल का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, घरेलू उपयोग की सामग्री, परिधान तथा अन्य स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

### आधार सेवा केंद्र का रिबन काटकर शुभारंभ

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को सेक्टर 9 शॉपिंग कांप्लेक्स में आधार सेवा केंद्र का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर निदेशक यूडीआईडी कर्नल हरमीत सिंह कपूर व रजनीश मेहता ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। तोमर ने आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ करने के उपरांत आधार संबंधी सेवाओं का अवलोकन किया।

### कपड़ा व्यापारी पर जानलेवा हमला

**शहजादपुर।** एक कपड़ा व्यापारी पर कुछ बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव डेहरी के रहने वाले लवप्रीत सिंह ने बताया कि शहजादपुर में 'रॉयल किट' के नाम से उनकी कपड़े की दुकान है। बीती रात करीब 9 बजे जब वह अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे।

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को आवास पर लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं के समाधान के आदेश दिए। साफ कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निरंतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। आगे भी विकास कार्यों को निरंतरता मे करवाते अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा। एक महिला ने राशन डिपो शिफ्ट होने की समस्या रखी।

# आईआईटी रुड़की ने किया पानी निकासी के लिए बेहतर प्लान तैयार, इस सीजन में हो जाएगा समस्या का समाधान

### 31 जुलाई तक इस प्लान को अंतिम रूप से सबमिट कर दिया जाएगा

**जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा**

इस मौके पर पर पंजाब के घनौर से आए विकास शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने नहरी पानी की समस्या का समाधान करवाने पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को सिरोपा भेंट कर उनका दिल से धन्यवाद किया। लाछड़ू कलां व घनौर से आए किसानों ने कहा कि नहरी पानी की सुविधा मिलने से उन्हें काफी लाभ होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में समान रूप से हो रहे विकास कार्य की उन्होंने प्रशंसा भी की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री ने बताया कि अंबाला शहर के लिए पहली बार आईआईटी रुड़की ने जल निकासी का एक बड़ा और विस्तृत प्लान तैयार किया है। इस योजना में सिर्फ पब्लिक हेल्थ नहीं, बल्कि इरिगेशन, पब्लिक हेल्थ, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, एचएसवीपी और रेवेन्यू जैसे सात विभागों को एक साथ लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 जुलाई तक इस प्लान को अंतिम रूप से सबमिट कर दिया जाएगा जिसके बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस प्रोजेक्ट के धरातल पर आने के बाद अंबाला शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता हरीश गोयल, जसविंद्र सिंह उगाड़ा, सौरभ गुप्ता, रितेश गोयल, हितेष जैन, आशीष टक्कर, संजीव गोयल टोनी, गुरजंट सिंह गोल्डी, अमन सूद, दिनेश लदाणा, शेर सिंह, कमल गुप्ता, वरिंद्र नाथ, बीनू गर्ग, चद्रमोहन फौजी, अनिल गुप्ता भी मौजूद रहे।

**बधाई दी**

इस मौके पर अंबाला शहर से आई प्रांजल व उनके अभिभावकों ने पूर्व राज्यमंत्री से भेंट की। पूर्व राज्यमंत्री ने नेपाल में आयोजित स्केटिंग में प्रांजल द्वारा गोल्ड मैडल जीतने पर उसे बधाई दी। ह मीठा करवाकर बेटी को अपना आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रांजल ने स्केटिंग में गोल्ड मेडल जीतकर अंबाला शहर का नाम रोशन किया है। खेल जगत में खिलाड़ी आगे आकर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### आरोपियों में मोटरसाइकिलों के तीन खरीदार भी शामिल

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी अभी भी रिमांड पर, चोरी की 30 बाइक बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिले में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सैल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए अब तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की 30 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरोह का मुख्य सरगना अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर समेत कई इलाकों में बाइक चोरी की करीब 35 वारदातों को अंजाम दे चुका है। अंबाला शहर, महेशनगर और अंबाला छावनी क्षेत्रों में बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एवीटी सैल लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। सूचना के आधार पर उप-निरीक्षक कंवलजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने नाकाबंदी कर मुख्य आरोपी सुनील उर्फ अनिल उर्फ रिंकू निवासी बिलासपुर, जिला यमुनानगर) को हिरासत में लिया। शुरुआती पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई, जिसके संबंध में महेशनगर थाने में मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर 20 चोरी की बाइक बरामद की गईं थी। बरामदगी के बाद इन तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत (जेल) भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस रिमांड पर है। पूछताछ में सामने आया है कि मुख्य आरोपी बेहद शातिर है। अब तक करीब तीन दर्जन (35) बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। वह अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, मुलाना, बराड़ा, साहा तथा सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) आदि इलाकों से बाइक चोरी कर उन्हें ठिकाने लगाने के लिए सहारनपुर में इन खरीदारों को बेच देता था। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।




अंबाला। चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ आरोपी।

**तीन अन्य खरीदार आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस रिमांड के दौरान गहन पूछताछ में आरोपी सुनील ने खुलासा किया कि वह चोरी की गई बाइकों को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बेचता था। उसने इस मामले में संलिप्त तीन अन्य खरीदारों के नामों का खुलासा किया। एवीटी स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 10 और चोरी की बाइक बरामद की। आरोपियों की पहचान,जहांगीर वासी गांव दूधगढ़ सहारनपुर, मोहम्मद आकिल निवासी गांव सिकंदरपुर बेहट, सहारनपुर, आसिफ मोहम्मद निवासी गांव सिकंदरपुर बेहट के तौर पर हुई है।

# नई रेफरल व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

- विधायक ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सुपर स्पेशियलिटी उपचार के लिए जारी व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सुपर स्पेशियलिटी उपचार के लिए जारी नई रेफरल व्यवस्था को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने कहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए आदेश निजी उद्योगों, कारखानों और प्रतिष्ठानों में कार्यरत लाखों बीमित कर्मचारियों के उपचार संबंधी अधिकारों पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन कर्मचारियों के अंशदान और उनके नियोक्ताओं के अंशदान से कर्मचारी राज्य बीमा योजना संचालित होती है, उन्हीं कर्मचारियों को अब गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपचार से वंचित किया जा रहा है।

**अधिकारों का हनन**



पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना का उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि बीमित कर्मचारी और उसके आश्रितों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। कर्मचारी अपने वेतन से नियमित अंशदान जमा करता है तथा नियमानुसार उससे अधिक अंशदान नियोक्ता भी जमा करता है। इसी आधार पर कर्मचारी को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने का अधिकार मिलता है। यदि किसी कर्मचारी को किसी विशेष चिकित्सालय में उपचार कराने से संतोष मिलता है और वह कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सूचीबद्ध अस्पताल में उपचार कराना चाहता है तो उसे अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं में उलझाना अधिकारों का हनन है।

### कारोबारी के खाते से 3.96 लाख रुपये साफ

**नारायणगढ़।** फेसबुक पर ड्राई फ्रूट खरीदने का ऑर्डर देना एक कारोबारी को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने पहले ऑर्डर बुक किया, फिर जीएसटी समस्या बताकर रिफंड का झांसा दिया और करीब 5 दिन में उसके खाते से 3.96 लाख निकाल लिए। साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में रायपुर वीरान के 65 वर्षीय काहन सिंह ने बताया कि वह निजी व्यवसाय करते हैं। 5 जून को उन्होंने फेसबुक पर /"श्री राम ड्राई फ्रूट/" नामक कंपनी का विज्ञापन देखा और 4 हजार रुपए के ड्राई फ्रूट का ऑनलाइन ऑर्डर किया। भुगतान करने के बाद अगले दिन कंपनी के नाम पर संपर्क करने वाले लोगों ने जीएसटी संबंधी समस्या बताकर रकम वापस करने की बात कही। आरोपियों ने वाट्सएप कॉल के जरिए उन्हें एक कोड और प्रक्रिया बताई।

## फोर्टिस अस्पताल और इन्ट्यूटिव में टोटल प्रोग्राम ऑब्जर्वेशन के लिए हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

फोर्टिस मोहाली और मिनिमली इन्वेजिव केयर में ग्लोबल लीडर व रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कंपनी, इन्ट्यूटिव ने मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य एक नॉन-मेट्रो शहर में भारत की पहली टोटल प्रोग्राम ऑब्जर्वेशन (टीपीओ) साईट स्थापित करना है। सहयोग भारत में रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी के विकास का अगला दौर प्रदर्शित करता है। इसके अंतर्गत, प्रोग्राम के विकास, विधिवत ट्रेनिंग, मरीज की सुरक्षा और



मल्टीडिसिप्लिनरी टीमों को तैयार रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में टीपीओ साईट हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स को पीयर-टू-पीयर लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी, ताकि वो देख सकें कि भारतीय हैल्थकेयर सैटिंग में रोबोटिक प्रोग्राम का निर्माण, विकास और संचालन कैसे किया जाता है।

## 25 ग्राम 04 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गाड़ी सवार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए-नारायणगढ़ की टीम ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ प्रभारी उप-निरीक्षक जरनैल सिंह के नेतृत्व में जांच टीम ने सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। टीम ने नाकाबंदी कर बराड़ा-शाहबाद रोड पर एक संदिग्ध गाड़ी को रोका। तलाशी के दौरान गाड़ी सवार आरोपी के कब्जे से 25 ग्राम 04 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहित सिंह वासी गांव मोहर, जिला नवांशहर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करेगी।



अंबाला। नशा तस्करी में काबू आरोपी।

### बोर्ड परीक्षाओं के लेकर धारा 163 लागू

**अंबाला।** हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी की 10वीं व 12वीं की (अकादमिक) एक दिवसीय (कंपार्टमेंट/अतिरिक्त विषय) की परीक्षाओं का आयोजन 9 से 18 जुलाई तक किया जाएगा। परीक्षा को नकल रहित व शांति पूर्ण तरीके से करवाने हेतू जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने परीक्षा को लेकर जिला में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तहत आदेश जारी किए हुए है कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरें में अनाधिकृत व्यक्ति व मोबाईल ले जाने पर प्रतिबंध हैं। इसके साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटोकॉपी/किताबों की दुकानें 9 से 18 जुलाई तक परीक्षा के दिनों में बाद दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश पारित किए है।

# निरंतर चल रही योग साधना

- बरसात के बावजूद भी भारतीय योग संस्थान के साधकों का उत्साह जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

बारिश के बावजूद भारतीय योग संस्थान परिवार के योग साधकों का उत्साह कम नहीं हुआ। वीरवार सुबह आहलूवालिया धर्मशाला में आयोजित योग कक्षा में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भीगते मौसम के बीच नियमित योगाभ्यास कर अनुशासन, समर्पण और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी संदेश दिया। भारतीय योग संस्थान परिवार के वरिष्ठ योग साधक संजय धीमान ने बताया कि योग सत्र का शुभारंभ वॉर्म-अप एक्सरसाइज एवं सूक्ष्म क्रियाओं से कराया गया। इसके पश्चात साधकों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान प्रत्येक आसन के लाभ, सही विधि एवं आवश्यक सावधानियों की भी विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि साधक सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से योग कर सकें। योग सत्र के दौरान वरिष्ठ योग साधक विनोद ने सभी को हास्य आसन का अभ्यास कराया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और आत्मीयता का संचार हुआ। इसके उपरांत सभी साधकों ने प्राणायाम का अभ्यास किया तथा शांति पाठ के साथ योग सत्र का समापन किया। संजय ने कहा कि भारतीय योग संस्थान का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ, जागरूक एवं निरोग समाज का निर्माण करना है। अपील की कि वे प्रतिदिन प्रातः 4:50 से 6:00 बजे तक अहलूवालिया धर्मशाला, नारायणगढ़ में आयोजित फ्री योग कक्षा में शामिल होकर नियमित योगाभ्यास करें।



शहजादपुर। शिविर में योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पंचकूला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी की जमानत कराने के लिए फर्जी पहचान और जमीन के दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में अंबाला के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बालकृष्ण और अरविंद कुमार में रुप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जमानत में इस्तेमाल किए गए फर्जी दस्तावेज किसी अन्य व्यक्ति से तैयार करवाए गए थे। पुलिस अब उस व्यक्ति समेत पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एक निर्दोष व्यक्ति की जमीन की जमाबंदी का दुरुपयोग कर उसके नाम से फर्जी आधार कार्ड, शपथ पत्र, फोटो और अन्य दस्तावेज तैयार किए।

## ब्याज में मिलेगी 75 फीसदी की छूट, प्रॉपर्टी टैक्स के बकायादारों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** अंबाला कैंट नप क्षेत्र के हाउस टैक्स बकायादारों के लिए राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार ने एकमुश्त राहत योजना के तहत वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर लगने वाले ब्याज में 75 प्रतिशत तक की छूट देने का फैसला किया है। यह छूट उन करदाताओं को मिलेगी जो 31 अगस्त 2026 तक अपना बकाया टैक्स जमा कर देंगे और पोर्टल पर अपनी संपत्ति संबंधी जानकारी का स्वयं सत्यापन भी करेंगे। नगर परिषद कैंट को हाउस टैक्स से हर वर्ष करीब 6 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। हालांकि बड़ी संख्या में ऐसे संपत्ति मालिक भी हैं जिन पर वर्षों से टैक्स बकाया चल रहा है। ऐसे में सरकार की नई योजना से परिषद को लंबित राजस्व की वसूली में मदद मिलने की उम्मीद है। अधिसूचना के अनुसार सामान्य स्थिति में देरी से टैक्स जमा करने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज लगाया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दोस्त को खाद लाने के लिए दी थी बाइक, बेची

**शहजादपुर।** गांव मगरपुर में एक व्यक्ति के साथ विश्वासघात कर उसकी मोटरसाइकिल आगे बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव मगरपुर के रहने वाले अंकुश ने बताया कि वह 12वीं पास है। गांव में ही खेती-बाड़ी का काम करते हैं। उनके पास एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल थी। करीब 2 महीने पहले, उन्होंने अपने एक जानकार गुरविंदर वासी गांव कलाल माजरा, को अपनी मोटरसाइकिल देकर गांव के अड्डे पर बनी दुकान से खेत के लिए खाद का कट्टा लाने के लिए भेजा था लेकिन गुरविंदर मोटरसाइकिल लेकर वापस नहीं लौटा था।

**कार्यक्रम** व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

# व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन वाइस चेयरमैन का भव्य अभिनंदन

**सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

सब्जी मंडी में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल एवं वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण सहगल ने की। इस अवसर पर हरियाणा ओबीसी मोर्चा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन के चेयरमैन हरीश धमीजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनका भी फूलों के गुलदस्तों एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी के चेयरमैन कार्यालय में स्थानीय एवं शहजादपुर मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, राइस मिल संचालकों, अनाज एवं सब्जी मंडियों के आढ़तियों तथा व्यापारियों ने भी अतिथियों का अभिनंदन किया।



शहजादपुर। नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते व्यापारी।

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद**

हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन के चेयरमैन हरीश धमीजा ने अपने संबोधन में व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे सदैव समाज और व्यापारी हित में कार्य करते रहे हैं। कार्यक्रम में सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण सहगल, उपप्रधान अमित वालिया, महासचिव दीपक, शिवचरण सैनी, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन श्रवण दबलाना, मीनू मोंगा, राजेश डांग, दिनेश शर्मा, अरविंद शर्मा, मनोज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में आढ़ती एवं व्यापारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली, वाइस चेयरमैन भूषण अग्रवाल, मार्केट कमेटी शहजादपुर के चेयरमैन गोपाल मित्तल तथा अनाज मंडी के आढ़ती ओपी चानना, मदन चानना, देवेंद्र सैनी एवं राइस मिल एसोसिएशन के सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।